## सार-समाचार

### भाटी ए.बी.वी.पी. के नगर मंत्री बने

**पोकरण**, (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पोकरण नगर बैठक गुरुवार को सीमाजन छात्रावास में आयोजित की गई। एबीवीपी के जिला संयोजक भावेश दैया ने बताया कि बैठक में विद्यार्थी परिषद के इतिहास विकास सैद्धांतिक कार्य पद्धति व सक्षम इकाई जैसे विषयों पर चर्चा की गई। नगर मंत्री रमेश सिंह तेजमालता ने परिषद के आयाम कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक छात्र का अधिकार है कि वह अपने व्यक्तित्व का विकास कर बेहतर रोजगार प्राप्त करने के लिए सरकार के सभी शैक्षणिक संसाधनों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद में नेताओ को नहीं महापुरुषों को आदर्श मानता है। विधार्थी परिषद में कार्यकर्ता परिसरों में विभिन्न मुद्दों पर लोकतांत्रिक पद्धति से आंदोलन कर अपनी समस्याओं को उचित मंच अथवा स्थान तक पहुंचते हैं। प्रभात शर्मा को नगर अध्यक्ष, प्रमोद बिस्सा को उपाध्यक्ष, रमेश सिंह तेजमालता नगर मंत्री, प्रिंस शर्मा, और दर्शन शर्मा को सह नगर मंत्री,सुरेंद्र सिंह सांकडा खेल मंत्री, संपत सिंह लखा छात्रावास इकाई अध्यक्ष, लोकेंद्र सिंह नगर महाविद्यालय प्रमुख,केवल सिंह राठौड नगर ह्यद्घस्त्र आयोजक , पंकज कुमार सह संयोजक, प्रफ्फुल शर्मा नगर संयोजक, विक्रम सिंह मीडिया प्रभारी, भरत सिंह, चतुर सिंह को सहसंयोजक मनोनीत किए गए।इस कार्यक्रम में पूर्व नगर मंत्री सुजान सिंह गुड्डी, पूर्व नगर मंत्री हिमांशु राजपुरोहित, धीरज रंगा, दिनेश भाटी,महिपाल सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

### 53 लाख 60 हजार का जुर्माना वसूला

**जोधपुर**, (कासं) । मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विकास खेड़ा के नेतृत्व में चल रहे टिकट चेकिंग के कार्य में वाणिज्य विभाग की टिकट चेकिंग टीम द्वारा जुलाई माह में रु.53 लाख 60 हजार 190 का राजस्व अर्जित किया है। गौरतलब है कि जोधपुर रेल मंडल मे बिना टिकट,अनियमित टिकट धारक, बिना बुक्ड लगेज,आदि के जरिए न सिर्फ अनाधिकृत यात्री व अनियमित गतिविधियों को रोकने का प्रयास किया जा रहा है । वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विकास खेड़ा ने बताया कि वाणिज्य विभाग की टिकट चेकिंग टीम ने जुलाई में बिना टिकट 12 हजार 6 सौ सात केस पर 49 लाख 43, हजार 41 रू, अनियमित टिकट 974 केस पर 4 लाख 14 हजार 704 रुपए, बिना बुक्ड लगेज यात्रा करने वाले 6 केस पर 2445 रु. जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार जुलाई माह में कुल 13 हजार 587 प्रकरण दर्ज किए, जिनसे जुर्माना स्वरूप रु. 53 लाख 60 हजार 190 का रेल राजस्व वसूल किया गया। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी मंडल द्वारा रेलवे स्टेशनों एवं यात्री गाड़ियों में नियमित रूप से सघन टिकट जाँच कराई जायेगी ताकि बिना टिकट या अनाधिकृत यात्रियों की यात्रा पर अंकुश लगाया जा सके। सभी यात्रियों से अनुरोध किया जाता है की वैध टिकट लेकर ही यात्रा करे।

### उपराष्ट्रपति आज आएंगे जोधपुर

**जोधपुर**, (कासं)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ दो दिवसीय यात्रा पर नौ अगस्त को जोधपुर आएंगे। वह नौ अगस्त को राज्य न्यायिक अधिकारियों के सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शरीक होंगे व दस अगस्त को सुबह 10.30 बजे बार कौंसिल ऑफ राजस्थान द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय की 75 वीं वर्षगांठ पर मारवाड़ इन्टरनेशनल सेन्टर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के सचिव राजेन्द्र पाल मलिक ने बताया कि इस अवसर पर उभरते भारत में न्यायपालिका की भूमिका पर एक दिवसीय लॉ सेमिनार और बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के पूर्व सदस्यों के अभिनंदन कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, विशिष्ट अतिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधिपति एजी मसीह, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीपति संदीप मेहता, इलाहबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति अरूण भंसाली होंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति एमएम श्रीवास्वत द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि संसदीय कार्य व विधि न्याय मंत्री जोगाराम पटेल, सोलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता तथा बार कौंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा के रूप में उपस्थित होंगे।

### जंभेश्वर मंदिर कुड़ी से यात्रा रवाना

**जोधपुर**, (कासं) । पर्यावरण जन जागृति यात्रा सातवे दिन पर्यावरण और जीवदया के लिए जीवन पर्यंत काम करने वाले और अपने अनुयायियों को ऐसी ही शिक्षा देने वाले भगवान जंभेश्वर के कुड़ी स्थित मंदिर से यात्रा रवाना हुई। इस अवसर पर कुड़ी सरपंच माना राम, पटाऊं सरपंच मांगीलाल ने यात्रा के स्थानीय संयोजक व समाजसेवी जोराराम विश्नोई के नेतृत्व में कर्नल बलदेव सिंह व पर्यावरण योद्धाओं के रूप में नारायणपुरी यूथ सोसायटी, रॉबिन हुड आर्मी, श्री राम एजुकेशन ठ्रुप ,पवन पुत्र सेवा संस्थान, राज ठ्रुप के कार्यकर्ताओं व निकटवर्ती गांवो से आए हुए पर्यावरण प्रेमियों का परंपरागत रूप से अभिनंदन किया। यात्रा के मीडिया प्रभारी डॉ बी एल जाखड़ ने बताया कि अगले पड़ाव में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुड़ी में संस्था प्रधान, शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति में गांधीजी की जीवनी और अन्य पुस्तकें तथा खेल सामठी समर्पित करने के पश्चात कारवां आगे बढ़ा। राजकीय विद्यालय मेघवालों की ढाणी भाडियावास में छात्रों के साथ बौद्धिक समागम भी किया गया और उन्हें श्रेष्ठ नागरिक बनकर राष्ट्र सेवा का कर्नल मानव ने आहवान किया।

### रतनाराम की अध्यक्षता में बैठक हुई

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेटस एसोसियेशन, की बैठक अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। महासचिव शिवलाल बरवड़ ने बताया कि एसोसियेशन द्वारा आगामी 27 सितम्बर से अधिवक्ताओं की राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगित का आयोजन किये जाना का निर्णय लिया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए एसोसियेशन के पूर्व महासचिव सुरेन्द्रसिंह राठौड़ गागुडा को प्रतियोगिता का संयोजक मनोनित किया गया। राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में राज्य की सभी प्रमुख बार एसोसियेशन को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में एसोसियेशन के अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया उपाध्यक्ष धीरेन्द्र दाधीच, महासचिव शिवलाल बरवड़, सहसचिव विजेन्द्र पुरी, पुस्तकालय सचिव कांता राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष विमल कुमार माहेश्वरी उपस्थित रहे।

### कॉलेज में शिक्षक कक्षाओं में नहीं गए

**जोधपुर**, (कासं)। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के क्षिक्षक संघ द्वारा आज कुलपति प्रोफेसर केएल श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा गया। शिक्षक संघ का कहना है कि कॉलेज विद्यार्थियों द्वारा जो आरोप शिक्षकों पर लगे है उसके कमेटी बिठाकर जांच कराई जाएं साथ ही जिन छात्रों ने कुलपति का दो दिन पहले घेराव कर पांच घंटे तक बंधक बनाए रखा उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएं। जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती शिक्षक कक्षाओं में नहीं जाएंगे। शिक्षक संघ के अध्यक्ष केआर पटेल ने आज कुलपति को ज्ञापन दिया गया है। उनके ऊपर छात्रों ने अनर्गल आरोप लगाए है। आरोपों की जांच के लिए कमेटी का गठन, साथ ही जिन छात्रों द्वारा कुलपति पर दो दिन पहले पांच घंटे घेराव कर दबाव बनाया, उन पर कार्रवाई की जाए।

### तीर्थ यात्रा से लौटने पर स्वागत हुआ

**धोरीमना**, (निसं)। धार्मिक तीर्थ स्थल की यात्रा कर धोरीमन्ना लौटने पर स्वागत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। धोरीमन्ना कस्बे के मुख्य चौराहे पर लोलो की बेरी मिठडा खुर्द के ,व भलीसर के सिडोलिया, परिवार के 21 तीर्थ यात्री दल ने 13 दिवसीय तीर्थ यात्रा जगन्नाथ पुरी, गंगा सागर, काशी विश्वनाथ, प्रयाग राज, चित्र कूट, अयोध्या धाम बांके बिहारी वृंदावन धाम, कृष्ण जन्म भूमि मथुरा की यात्रा की। वापस धोरीमन्ना लौटने पर माला पहनाकर कर व मुंह मीठा करवा कर स्वागत किया। जितेन्द्र गौड, धनराज सिडोलिया महेंद्र सिडोलिया बजरंग गौड सहित कई जनों ने स्वागत किया। तीर्थ यात्री कालुराम गौड, हेमराज गौड, देवीलाल गौड, रूकमण गौड, लादूरा गौड मंगलाराम, सुरज गौड सहित महिलाओं का भी स्वागत किया।

### नागरिक बैंक ने मृत्यु बीमा राशि सौंपी

**जालोर**, (कासं)। जालोर नागरिक सहकारी बैंक ने शेयर होल्ड़ से दुर्घटना बीमा के अन्तर्गत, बैंक सदस्य की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर 50000 रूपये की क्लेम राशि का भुगतान किया। जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि., द्वारा बैंक सदस्य उदाराम पुत्र माली की सड़क दुर्घटना में 18 जनवरी 2023 को मृत्यु होने पर, बैंक द्वारा सदस्यों के लिए ली गई शेयर होल्ड़ से व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी के अन्तर्गत स्वीकृत बीमा राशि 50000 रूपये का भुगतान चैक,बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमानन्द भट्ट, बैंक संचालक कनिष्क चौधरी, नम्रता जैथलिया एवं शाखा प्रबन्धक विकास टांक तथा राजेन्द्र सैन के द्वारा स्व. उदाराममाली की धर्मपत्नि मोवनदेवी को सुपुर्द किया गया।

# दिलावर ने बजट घोषणाओं के लिए क्रियान्वयन की समीक्षा की



जोधपुर जिला प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने जे.डी.ए. के मीटिंग सभागार में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक ली।

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर जिला प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने गुरूवार को जेडीए के मीटिंग सभागार में बजट घोषणाओं के लिए क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक ली।

मंत्री मदन दिलावर ने इस बैठक में कहा कि बजट घोषणाओं का गुणवत्तापूर्ण रूप से समयबद्ध क्रियान्वयन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसको ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। जिससे आमजन को शीघ्र ही इसका पूर्ण लाभ मिल सके।

उन्होंने विद्युत, निगम, पशुपालन, चिकित्सा, उद्योग सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी बजट घोषणाओं के भूमि आवंटन के साथ ही आगे की कार्यवाही शीध्र करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिये कि बजट घोषणा में जोधपुर ग्रामीण में नेवरा रोड, सालोड़ी, मोगड़ा कलां व खारिया मीठापुर को प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने संबंधित कार्यवाही को शीघ्र पूर्ण करें। प्रभारी मंत्री ने राजरणछोड़ मंदिर के विकास कार्यो की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कुड़ी भगतासनी व तिंवरी को नगर पालिका बनाये जाने के लिए प्रस्ताव बनाकर उच्च स्तर पर शीघ्र भेजने के लिए निर्देशित किया।

प्रभारी मंत्री ने नगरीय क्षेत्रों के बाजारों तथा सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए बायोपिंक टॉयलेट कॉम्पलेक्स बनाये जाने के लिए अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुचिकित्सालयों के क्रमोन्नयन, बिलाड़ा, ओसिंया में बनने वाले कन्या महाविद्यालय, ग्राम पंचायत स्तर पर बनने वाले ओपन जिम व खेल मैदानों, नवीन खोले जाने वाले आंगनवाड़ी केन्द्रों, आयुष्मान मॉडल सीएचसी सहित विभिन्न बजट घोषणाओं पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने ई–बसों के लिए डिपो, आवासीय वेद विद्यालय, सड़क नवीनीकरण कार्यो विभिन्न नवीन बनने वाले सरकारी कार्यालयों सहित विभिन्न बजट घोषणाओं की प्रगति की जानकारी ली।

खेजड़ली स्थित शहीद स्मारक एवं मंदिर प्रांगण में आने वाले दर्शनार्थियों को पौधारोपण के लिए प्रेरित करें

प्रभारी मंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि खेजड़ली स्थित शहीद स्मारक एवं मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन विभिन्न दर्शनार्थी आते है उन्हें वहीं पौधारोपण कर दर्शन करने के लिए प्रेरित करें। जिससे हरा को और अधिक हरा कर वर्तमान के साथ भविष्य को भी पर्यावरण की दृष्टि से समृद्ध किया जा सके।

उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे पौधे लगाए जाये जो शीघ्र विकसित होते है। उन्होंने 'हरियालों राजस्थान' अभियान के तहत अधिकाधिक पौधारोपण सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए।

साथ ही उन पौधों की समुचित देखभाल करने को भी कहा।

प्रभारी मंत्री ने विभिन्न लघु, मध्यम व वृहद स्तर की नर्सरी को विकसित करने के निर्देश भी दिए।

प्रभारी मंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को पॉलीथीन के उपयोग को रोकने का दिलाया संकल्प

जिला प्रभारी मंत्री ने बैठक में सभी अधिकारियों को पॉलीथीन का उपयोग को रोकने तथा इकोफ्रेंडली विकल्प के उपयोग को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से हाथ खड़ा कर संकल्प दिलवाया कि विभिन्न नवाचारों का प्रयोग कर पॉलिथीन के उपयोग को शत प्रतिशत रोकने के लिए विशेष प्रयास करेंगे।

जिस पर जिला कलैक्टर गौरव अग्रवाल ने माचिया सफारी में किए जा रहे नवाचार से अवगत करवाते हुए कहा कि माचिया सफारी पार्क में आने वाले पर्यटकों से प्लास्टिक की पानी की बोतल लाने पर 50 रूपये का टोकन दिया जाता है। जिसे वे वापसी पर पानी की बोतल चेकपोस्ट पर दिखाकर राशि पुनः प्राप्त करते है। जिससे पार्क में प्लास्टिक का कचरा न हो। जिसकी सराहना करते हुए प्रभारी मंत्री ने और अधिक प्रयास कर प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी धार्मिक स्थलों पर प्लास्टिक की थैली में प्रसाद व अन्य चढ़ावा सामग्री न लेने के लिए प्रेरित किया जाए।

बैठक में विधायक सूरसागर देवेंद्र जोशी, विधायक शहर अतुल भंसाली, विधायक बिलाड़ा अर्जुन लाल गर्ग, महापौर नगर निगम दक्षिण सुश्री वनिता सेठ ने अपने क्षेत्रों से संबंधित विकास कार्यो, योजनाओं के संबंध में शीघ्र कार्यवाही करने की बात कही।

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभारी मंत्री मदन दिलावर को जेडीए आयुक्त द्वारा साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

बैठक में जेडीए आयुक्त उत्साह चौधरी, नगर निगम उत्तर के आयुक्त अतुल प्रकाश, नगर निगम दक्षिण की आयुक्त टी.शुभमंगला, पुलिस अधीक्षण ग्रामीण धमेन्द्र यादव सहित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

# बालोतरा में जिला प्रभारी मंत्री व सचिप ने कार्यों की समीक्षा की

**बालोतरा,** (निसं)। बालोतरा जिले के जिला प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत एवं जिला प्रभारी सचिव कुमारपाल गौतम की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला स्तरीय अधिकारियों की विभागीय प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

जिला प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि बजट घोषणाओं के त्वरित क्रियान्वयन के साथ–साथ समस्त अधिकारी विभागीय योजनाओं के आवंटित लक्ष्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें।

उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय की मंशा है कि जल्द से जल्द बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित हो, इसलिए जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ–साथ समस्त उपखंड स्तरीय अधिकारी भी बजट घोषणाओं के क्रियान्वन के लिए गंभीरतापूर्वक और अतिशीघ्र कार्रवाई करें। सभी बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की नियमित रूप से समीक्षा की जाए और जो समस्याएं सामने आ रही हैं, उनके समाधान के उच्च स्तर पर अवगत करवाया जाए। उच्च स्तर से मार्गदर्शन आने के बाद उनका त्वरित क्रियान्वयन किया जाये।

जिला प्रभारी सचिव कुमारपाल गौतम ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जल जीवन मिशन में गुणवत्तापूर्ण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि लंबित विद्युत कनेक्शन प्रकरण में विभाग द्वारा तेजी लाई जाए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को एंटी लार्वा गतिविधियां बढ़ाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि नियमित रूप से इसकी मॉनिटरिंग की जाए और जल भराव वाले क्षेत्रों में विशेष रूप से ध्यान देते हुए पानी एकत्रित न होने दिया जाए। ई–फाईलिंग प्रणाली में कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला प्रभारी सचिव ने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों की भी नियमित मॉनिटरिंग कर डिस्पोजल टाईमिंग में सुधार करें।

रसद विभाग, पीडब्ल्यूडी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जल संसाधन विभाग, नगर परिषद, कृषि विभाग, आईसीडीएस और वन विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा क्लेम से वंचित किसानों की समस्या निस्तारण करें।

बैठक के पश्चात प्रभारी सचिव ने जिला कलैक्टर कार्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

पचपदरा विधायक डॉ. अरूण चौधरी, सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, बालाराम मू?, जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव, जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, अतिरिक्त जिला कलैक्टर नानमराम सैनी आदि उपस्थित रहे।

### पौधारोपण किया

**बालोतरा**, (निसं)। जिला स्तरीय हरियालों राजस्थान एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम गुरूवार को चिरहाणी ग्राम मंडापुरा एवं रीको क्षेत्र चतुर्थ चरण बालोतरा में आयोजित किया गया।

चिरहाणी महादेव मंदिर के पास आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत, जिला प्रभारी सचिव कुमारपाल गौतम, जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने पौधारोपण कर पार्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### न्यायाधीश गर्ग ने वाटर कूलर का शुभारंभ किया

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के पावटा क्षेत्र में राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश मनोज गर्ग ने ठंडे पानी के वाटर कूलर का फीता काटकर शुभारंभ किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिवक्ता रामकिशोर बिश्नोई धोरू ने बताया कि राजस्थान हाईकोर्ट के सीनियर अधिवक्ता बस्तीचंद्र आर भंसाली की पत्नी कुसुम भंसाली व पुत्र मनोज भंसाली पूर्व कर्मचारी राजस्थान हाईकोर्ट,जोधपुर की स्मृति में भंसाली परिवार द्वारा ठंडे पानी का वाटर कूलर हनवंत गार्डन पावटा बी रोड के पास स्थित मंदिर में भेंट किया गया।

इसका उद्घाटन न्यायाधीश गर्ग ने किया। इस अवसर पर गर्ग ने कहा कि मनुष्य को सदैव प्राणी जगत की सेवा,नेक एंव पुण्य काम समय–समय पर करते रहना चाहिए। यही मानव जीवन का धर्म है।

इस अवसर पर अधिवक्ता हस्तीमल सारस्वत,मनमोहन कर्णावट, नारायण लाल जांगिड़,रामेश्वर गहलोत, रमेश कुमावत,अधिवक्ता सुनीत भंसाली,प्रदीप वर्मा, जालम विकास समिति के अध्यक्ष बहादुर मेहता, अधिवक्ता धर्मेंद्र सुराणा व राजकुमार गौड़ सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### कीचड़ होने से लोगों में आक्रोश

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर के निकट पीथापुरा के समीप वोडला हनुमान से मुख्य हाईवे तक बारिश के पानी से कीचड़ जमा होने से रास्ता क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेवदर के निकटतम ग्राम पंचायत सिरोडी के गांव पीथापुरा के समीप वर्षो पुराने ऐतिहासिक हनुमान मन्दिर रास्ता बारिश की वजह से पानी व कीचड जमा होने से रास्ता खराब हो गया है। श्रद्धालुओं के साथ साथ मंदिर पर मौजूद गायों व पक्षियों के दाना व चारा लाने में भी परेशाानी हो रही है। संत मक्खनभारती महाराज ने बताया कि पीथापुरा के समीप वर्षो पुराने दो मन्दिर,यहां पर वर्षो पहले गांव या ढाणी बची हुई थी, जिसकी अभी भी ईट व पत्थर के अवशेष मौजूद है। वर्षो पहले मुगलों के आक्रमण के समय में मंदिरों को तोडा गया,आज भी टूटी हुई मुर्तियां व मन्दिर मौजूद,मन्दिर के पत्थरों पर प्राचीन कलाकृति भी मौजूद है। आजादी के बाद भी आने जाने के लिए समस्याए है। ग्रामीण नाथूसिंह ने बताया कि हनुमान मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। बारिश के दिनों में रास्ता अवरुद्ध हो जाता है। पानी भरने से रास्ते में कीचड होता है,महाराज पैरों से विकलांग फिर भी गायों की कर रहे सेवा,जिस कुटिया में रह रहे उस में भी बारिश के दिनों में पानी आता है, मन्दिर तक गायों व पक्षियों के चारा व दाना लाने में भी समस्या है। साथ ही श्रद्धालुओं को आने में समस्या का सामना करना पडता ह। पूर्व में कई बार अधिकारियों व जनप्रतिधियों को अवगत करवाया, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं निकला। इस मौके पर भीमाराम, प्रभुराम,सेवक सोमाराम आदि उपस्थित रहे।

### दुष्कर्म के आरोपी को बीस साल की सजा

**जालोर**, (कासं)। पोक्सो न्यायालय के विशिष्ट न्यायाधीश जालोर भूपेन्द्र कुमार सनाढय ने नाबालिग से दुश्कर्म करने के आरोपी को बीस साल के कारावास की सजा सुनाई। प्रकरण के अनुसार पीडिता के पिता ने पुलिस थाना में रिपोर्ट पेश कर बताया कि 5 मई 2023 को शाम को करीब साढे चार बजे उसकी पत्नी एवं उसकी नाबालिग पुत्री षौच करने के लिए पास की झाडियो में गई थी। उस दरम्यान एक मोटरसाईकिल पर दो युवक आये और आते ही उसकी पुत्री नाबालिग का मुँह दबाकर जबरन उठाकर ले गये। उसकी पुत्री के चिल्लाने पर उसकी पत्नी पीछे दौडी । लेकिन आरोपियों के पास वाहन होने से वह पीछा नही कर सकी। करीब 8-9 दिन पहले मोबाईल से बार बार फोन कर उन्हे परेषान किया जा रहा था। इसलिए उनकी नाबालिग पुत्री का अपहरण कर ले जाने का पुरा पुरा शक है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी हुकमसिंह पुत्र परबतसिंह निवासी मणधर हाल भीनमाल को गिरफतार किया। पुछताछ में बताया कि कवह नाबालिग को जबरन मोटरसाईकिल पर एक बेरे पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद अनुसंधान पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। पोक्सो न्यायालय जालोर के न्यायाधीश भूपेन्द्र कुमार सनाढय ने आरोपी हुकमसिंह को नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपी मानते हुए बीस साल के कारावास की सजा सुनाई। सरकार की ओर से पैरवी रणजीतसिंह राजपुरोहित ने की।

### सब्जी व्यापारी पर हमला हुआ

**सायला**, (निसं)। सायला कस्बे के पुराना बस स्टैंड पर एक सब्जी व्यापारी पर दो बदमाशों ने चाकू से वार कर गम्भीर घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सायला में पुराना बस स्टैंड के अम्बेडकर चौक पर मांगीलाल सुथार की दुकान के पास हडमताराम पुत्र देवाराम जाति आचार्य उम्र 35 वर्ष निवासी सायला सब्जी का ठेला लगाता है। गुरुवार दोपहर को वक्त ३ः३० बजे के लगभग भरत वागरी पुत्र गंगाराम और चम्पालाल पुत्र हमीरदान राव निवासीगण सायला ने केले के छिलके मांगीलाल सुथार के दुकान के आगे फेंक दिए। तब मांगीलाल द्वारा दोनों बदमाशों को छिलके फेंकने को लेकर टोका गया। इस दरम्यान हडमताराम आचार्य ने पूछा कि क्या हुआ तो दोनों बदमाश गुस्सा हो गए और चाकू निकालकर उस पर वार कर दिया। जिससे हडमताराम आचार्य के ऊपर के होंठ पर गंभीर चोट आ गई। तब मांगीलाल ने बीच बचाव कर छुडाया। वही हमले की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन घायल हडमताराम को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सायला लेकर गए, जहां उसका उपचार किया गया। इधर घायल हडमताराम आचार्य ने पुलिस में रिपोर्ट देकर दोनों बदमाशों के खिलाफ धारदार चाकू से हमला करने एवं गंभीर चोट कारित करने का मुकदमा दर्ज करवाया है।

### स्टे के बाद कार्य, पुलिस ने रूकवाया

**गुड़ामालानी**, (निसं)। गुडामालानी पंचायत समिति के निकटतम ग्राम पंचायत आलपुरा में हाईकोर्ट के स्टे के बावजूद भी अतिक्रमण शुरू कर दिया । ग्राम पंचायत के विकास अधिकारी की सूचना पर पुलिस ने कार्य रूकवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत आलपुरा में करोड़ो रुपए की जमीन ग्राम पंचायत 11 साल से इसे बचाने का कर रही है प्रयास। ग्राम आलपुरा आबादी भूमी खसरा नंबर 222 मे आम चोहटा डामर सड़क के पास पड़ी खाली ग्राम पंचयत की भूमी पर घने विलायती बबुल को काटने के लिए जेसीबी मशीन लगा कर सफाई करके अतिक्रमण किया जा रहा था । ग्राम पंचायत के अनुसार इस भूमी पर साल 2013 से विवाद चल रहा है । इस भूमी पर अतिक्रमण करने के लिए इन अतिक्रमियों ने 1979 की तारीख से 4 पट्टे बनवा लिये । जिसे निगरानी के माध्यम से जिला कलेक्टर बाड़मेर ने 22 नवम्बर 2016 को खारिज कर दिये। उसके बाद ये अतिक्रमणीयो ने हाई कोर्ट मे अपील की। जिस पार हाई कोर्ट सिंगल बेंच ने 19नवम्बर 2017 को भी इनकी अपील खारिज कर दी। इसकी बाद ये अतिक्रमणों ने हाई कोर्ट के डबल बेंच मे अपील की जिसमे माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर ने 14 मई 2018 को अंतिम निर्णय तक यथा स्थिति का आदेश दिया था जो की आज तक प्रभावी है । इस मामले को लेकर पंचायत समिति विकास अधिकारी हरमन राम से बात करने पर बताया की कार्य रुकवाकर कोर्ट के आदेशों की पालना करने की बात कही।

# मिशन मोड में कार्य कर बारिश से बिगड़े हालात जल्द सामान्य करें : संभागीय आयुक्त

**पाली**, (नि.सं.)। संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह ने बुधवार को रात्रि में पाली जिले के आला अधिकारियों की अतिवृष्टि,जलभराव से उत्पन्न हुई स्थितियों से निपटने व आपदा राहत के लिये किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की और और इस सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये।

इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी को टीम वर्क में मिशन मोड पर कार्य करके जल्द से जल्द हालात को सामान्य किये जाये। जिससे कि प्राकृतिक आपदा से उपजे हालातों से आमजन को निजात दिलाई जा सके। संभागीय आयुक्त राज्य सरकार के निर्देशानुसार आज बुधवार को जिला कलैक्टर कार्यालय सभागार में अधिकारियों बैठक ले रही थी।



संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने पाली जिले के अधिकारियों की बैठक लेकर अतिवृष्टि, जलभराव से उत्पन्न स्थितियों से निपटने व आपदा राहत के कार्यों की समीक्षा की। फोटो–राष्ट्रदूत

बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन अधिकारियों को टीम के रूप में फील्ड में भेजा गया है वे आमजन की बात को सुने और सुझाव भी ले सकते है ,कई बार स्थानीय लोगों से बात करने पर बेहतर समाधान प्राप्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि और अधिक तेजी से स्थितियों को आकलन कर कार्य कर आमजन को महसूस कराया कि हम सब आमजन के लिये हर समय तत्पर है और उन्हें किये जा रहे कार्यों के बारे जानकारी भी मिलती रहे।

बैठक में उन्होंने कहा कि जिनको फील्ड में लगाया गया है उनकी जिम्मेदारी तय कर कार्यों का सम्पादन करवाया जाये साथ ही किसी प्रकार की कोई आवश्यकता हो तो जिला कलैक्टर या अतिरिक्त जिला कलैक्टर को अवगत कराये जिससे बैठक में उन्होंने मड पम्प की संख्या व चल रहे जलभराव निकासी कार्य की जानकारी ली और पानी ,बिजली सुचारू करने के बारे में, आपदा से नुकसान का आकलन व मरम्मत करवाने के बारे में व डेथ प्रकरणों में राहत पैकेज देने ,बजट आवश्यकता आदि की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

उन्होंने फील्ड में राउंड व आमजन की समस्याओं का इनपुट लेने के लिये कहा। इस अवसर पर उन्होंने पीएचईडी , बिजली, सार्वजनिक निर्माण विभाग, लाखोटिया तालाब साइनेज लगाने, चिकित्सा, शिक्षा स्कूल मे जहां जानमाल के नुकसान की संभावना हो वहां बच्चों को नहीं बैठने ,जल संसाधन बांधों की स्थिति,पशुपालन विभाग में पशुओं के बारे में, नगर परिषद द्वारा किये जा रहे कामों साफ सफाई आदि के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने साथ ही सभी विभागो से इस बारे में जानकारी व जिन टीमों को जिस क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गयी है वहां की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली ।साथ ही इस अवसर पर उन्होंने शहर के पैकेज कालोनी, भील बस्ती व सांसी बस्ती ,नया गांव , रजत विहार , दुर्गा कालोनी आदि अन्य व जहां जलभराव की समस्या अधिक है वहां की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये ।

### आपदा बचाव के लिये अलग-अलग लगाई है टीमें

बैठक में जिला कलैक्टर एलएन मंत्री ने संभागीय आयुक्त को आपदा बचाव राहत के किये जा रहे कार्य रेस्क्यू टीमों एनडीआरएफ व सिविल डिफेंस व अन्य विभागों के कामों की जानकारी दी और जानमाल की क्षित का आकलन कर सूचना कल शाम तक भिजवाने । उन्होंने नगर पांच और मड पम्प मंगाने के निर्देश नगर परिषद को दिये। जिला कलैक्टर ने बताया कि प्रशासन के साथ पुलिस विभाग भी पुलिस अधिकारियों के साथ मुस्तैद है।

उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक के साथ मौका मुआयना किया है व आवश्यकतानुसार जल्द ही सभी प्रबंध किये जा रहे है।इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर डॉ राजेश गोयल ने बैठक में शहर में बिजली ,पानी सप्लाई, रेलवे पटरी से पानी निकासी, रेस्क्यू टीमों की, कोई परिवार ना फंसे होने की डेथ प्रकरणों में मुआवजा, एसडीएम, तहसीलदार को लिखे जाने के बारे में क्षित की तीन दिन में प्रस्ताव भेजने के बारे में ,अतिवृष्टि से नुकसान, रोड, स्कूल, पावर आदि का सर्वे कराने, कॉलोनीवार टीम गठन करने, एरिया विजिट आदि के बारे में जानकारी दी।

बैठक में एसपी चूनाराम जाट, एडीएम सीलिंग भवानी सिंह, जिला परिषद सीईओ नन्दकिशोर राजौरा, उपखंड अधिकारी पाली एवं नगर परिषद आयुक्त अशोक कुमार, तहसीलदार पाली जितेन्द्र बबरेवाल व जलदाय, बिजली, पीडब्ल्यूडी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### उत्तरपुरी महाराज को पुष्पांजलि दी

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा शहर के आकेश्वर महादेव मंदिर के दिवंगत महन्त उत्तरपुरी महाराज की 14 वीं बरसी महोत्सव आज गुरुवार को धूमधाम के साथ मनाया गया।

भक्त भाखरराम पटेल ने बताया कि पचपदरा रोड पर स्थित प्राचीन आकड़ेश्वर महादेव मन्दिर के गादीपति दिवगंत उत्तरपुरी महाराज की 14 पुण्यतिथि के मौके पर कई धार्मिक आयोजन हुए। अल सुबह 8 बजे दिवगंत उत्तरपुरी महाराज के शिष्य शंकरपुरी महाराज ने अपने गुरुदेव की प्रतिमा की पंचोपचार पूजा अर्चना कर चरण पादुका की गुलाब के पुष्पो से पूजा की। वही समाधी पर जाकर शिवलिंग पर जल अर्पित किया। इसके बाद हिंगलाज झुंपा के महंत मृत्युंजयपुरी महाराज, शिवशक्ति धुणा के रक्तानंद सरस्वती, जसोल फांटा शिव मंदिर के इन्द्र मुनि सहित आसपास के कई महात्माओं ने दिवंगत उत्तरपुरी महाराज की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

पटेल ने बताया कि बरसी महोत्सव के मौके पर बुधवार की रात में जागरण का आयोजन हुआ। इसमें गायक कलाकार शिवपुरी, हरिराम पटेल, नरपत गिरी, रामेश्वरपुरी सहित कई ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर शान्तिलाल राजपुरोहित सांथू, देवाराम प्रजापत गोपड़ी, मुकेश बारहठ, जालमसिंह राजपुरोहित, रामलाल घांचां, प्रवीण सोनी, महेंद्र मेवाडा, सतीश राजपुरोहित, यूसुफ भाई भांतगर, मुकेश अवस्थी सहित कई भक्त भाविक उपस्थित थे।